केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, किसान हित सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही

निर्यात बढाने से किसान अपनी फसल का अधिक से अधिक दाम प्राप्त कर पाएंगे

प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) हटाने और निर्यात शुल्क को 40% से 20% करने के निर्णय से प्याज का निर्यात बढ़ेगा और प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी

बासमती चावल पर MEP समाप्त करने का भी निर्णय, इससे बासमती चावल उत्पादक किसान इनका निर्यात करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे

मोदी सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5% से 32.5% बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75% से 35.75% करने का फ़ैसला लिया

इस निर्णय से भारत के सोयाबीन किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी

प्रविष्टि तिथि: 14 SEP 2024 4:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात को बढ़ा रही है, ताकि किसान अपनी फसल का अधिक से अधिक दाम प्राप्त कर पाएं।

'X' प्लेटफॉर्म पर अपने एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि रखते हुए मोदी सरकार ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं —

1) मोदी सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) हटाने और निर्यात शुल्क को 40% से 20% करने का निर्णय लिया है। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी।

2) सरकार ने बासमती चावल पर भी MEP समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे बासमती चावल के उत्पादक किसान इनका निर्यात करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे।

3) साथ ही, मोदी सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5% से 32.5% बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75% से 35.75% करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

मोदी सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात को बढ़ा रही है, जिससे किसान अपनी फसल का अधिक से अधिक दाम प्राप्त कर पायें।

किसान हित सर्वोपरि रखते हुए मोदी सरकार ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं:

1) मोदी सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (MEP) हटाने और... Show more

2:07 PM · Sep 14, 2024

1.4K Reply Copy link

Read 125 replies

*****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2054954) आगंतुक पटल : 46

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu